तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 9 अप्रैल 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 मौसम का बदला मिजाज, आंधी के साथ बूंदाबांदी



## खबर संक्षेप

### सीएम साय आज जिले में, किसान सम्मेलन में होंगे शामिल

**अम्बिकापुर**। जिले में किसान सम्मेलन का आयोजन 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे लुण्ड्रा विकासखण्ड में



ग्राम पंचायत लुण्ड्रा के छत्रपति शिवाजी मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान वे जिले के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही सीएम श्री साय सरगुजा के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक भटगांव पंडित रविशंकर त्रिपाठी व चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। अनावरण कार्यक्रम पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास पंडित रविशंकर त्रिपाठी चौक के समीप दोपहर 2.30 बजे किया जाएगा। सीएम के आगमन और कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, सरगुजा के प्रभारी और वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### पूर्व मुख्यमंत्री न्यू सर्किट हाउस में आज करेंगे भेट-मुलाकात

**सूरजपुर**। पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल आज जिले के प्रवास पर रहेंगे। देर शाम



सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं व पार्टी पदाधिकारियों से भेट-मुलाकात करेंगे। दूसरे दिन 10 अप्रैल की सुबह गोंडवाना भवन रिंग रोड में आदिवासी कांग्रेस के प्रशिक्षण तथा आदिवासी अधिकार व शक्ति करण शिविर के शुभारंभ में मुख्य अतिथि होंगे। उल्लेखनीय है कि 10 से 12 अप्रैल अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संभाग स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सूरजपुर में किया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह व आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष पावले ने बताया कि 10 अप्रैल को प्रारंभ शिविर 12 अप्रैल तक तीन दिवसीय आवासीय शिविर है जो आदिवासी अधिकार एवं शक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण शिविर है। अखिल भारतीय स्तर से इस शिविर का संचालन दिल्ली से आए एआईसीसी के प्रशिक्षकों द्वारा किया जाएगा। जिसमें संभाग के सूरजपुर, सरगुजा, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया व मनेन्द्रगढ़ जिले के चयनित प्रतिभागी शिविर में शिरकत करेंगे।

### जयनगर उरांवपारा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर**। ग्राम जयनगर उरांवपारा निवासी 19 वर्षीय दीपक तिर्की उर्फ लक्की पिता फलेश्वर तिर्की मंगलवार की रात मोहल्ले में एक छठी कार्यक्रम में शामिल होने गया था,रात में वापस घर लौटने के बाद अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया एवं मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## एनएच के सीई ने किया निरीक्षण

# बारिश से पहले राष्ट्रीय राजमार्ग 343 को चलने योग्य बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर चल रहे निर्माण कार्यों का एनएच के मुख्य अभियंता ने निरीक्षण किया। अपने दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे सीई ने निर्माण कार्यों की जानकारी लेने के साथ ही कंसल्टेंट कंपनी के अथॉरिटी इंजीनियर को स्पष्ट निर्देश दिए है कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्यों को समय सीमा पर पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि बारिश शुरू होने से पहले गिट्टी वाला काम पूर्ण कर लिया जाए ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना ना करना पड़े।

**खास बात**

- कमियों को दूर करने के साथ ही ठेकेदार को मानकों का ख्याल रखने के निर्देश

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप सरगुजा के दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग 130 और 43 का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मुख्य रूप से उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के कार्यों की जानकारी ली। सीई श्री कश्यप ने एनएच ईई आरडी ताम्ब्रे के साथ रजपुरी खुर्द से पस्ता पाढ़ी एवं बलरामपुर से रामानुजगंज के चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान यह जानकारी आई कि रजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच अर्थ वर्क, पाइप पुलिया, बॉक्स कलवट के काम होने है। इसके साथ ही रामानुजगंज के बीच जीएसबी का काम चल रहा है और कुछ स्थानों पर ट्रायल के लिए डामरीकरण भी कराया जा रहा है। सीई ने निर्माण एजेंसी के प्लांट का निरीक्षण किया। एनएच ईई श्री ताम्ब्रे ने बताया कि एनएच पर वर्तमान में 10-12 प्रतिशत काम हुआ है और बारिश तक गिट्टी वाला काम करना है। ऐसे में सीई ने बारिश से पूर्व सब ग्रेस का काम पूर्ण करने के निर्देश दिए है ताकि बारिश के समय लोगों को आवगमन में परेशानी का सामना ना करना पड़े। विदित हो कि एनएच 343 पर रजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच 49 किलोमीटर सड़क के लिए 397.44 करोड़, बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किलोमीटर सड़क के लिए 199.05 करोड़ व संजय नगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किलोमीटर बाईपास सड़क निर्माण हेतु 149.94 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई है।



ठेकेदार के प्लांट में निरीक्षण करते सीई व अन्य अधिकारी।

### अथॉरिटी इंजीनियर को लगाई फटकार

बताया जा रहा है कि एनएच के सीई श्री कश्यप ने कंपनी के प्लांट के साथ ही अर्थ वर्क में कम्पैक्शन, सब ग्रेड की ग्रेडिंग की जांच की। इस दौरान उन्होंने ठेकेदर और कंसल्टेंट एजेंसी के अथॉरिटी इंजीनियर को फटकार लगाते हुए स्पष्ट दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सड़क का निर्माण तय किए गए मानकों के अनुरूप किया जाए। वहीं उन्होंने सड़क में सुरक्षा मानकों का भी पालन करने के निर्देश दिए। ठेकेदार द्वारा जगह जगह सड़क पर बड़े बड़े पेड़ों के डंगाल गिराकर छोड़ दिया गया ताकि लोग उस लेन में आवागमन नहीं कर पाए। ऐसे में दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। सीई ने ठेकेदार को संकेतक लगाने और सुरक्षा मानकों का ख्याल रखने के निर्देश दिए है।

### लोगों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे निर्माण की रफ्तार और गुणवत्ता को लेकर अभी से सवाल उठ रहे है। सड़क निर्माण की गति काफी धीमी है ऐसे में इस बार बारिश के समय लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही वर्तमान में निर्माणाधीन सड़क से उड़ती धूल लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। निर्माण के दौरान कई स्थानों पर डायवर्शन मार्ग नहीं बनाया गया है। सड़क निर्माण के दौरान वाइब्रेटर मशीन सड़क को समतल नहीं किया जा रहा है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

### दिया गया है लक्ष्य

राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे कार्यों का सीई ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार और कंसल्टेंट कंपनी के अथॉरिटी इंजीनियर को गुणवत्ता का पूर्ण ख्याल रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बारिश से पहले एनएच को चलने योग्य बनाने के लिए गिट्टी वाला काम पूर्ण करने लक्ष्य दिया गया है। हम इस दिशा में प्रयास कर रहे है।

-आरडी ताम्ब्रे
ईई एनएच

# 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 23 मार्च से चल रहे 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण हो गया है। मूल्यांकन केंद्र प्रभारी ने मूल्यांकन संबंधी अपनी रिपोर्ट भी माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेज दी है। 12वीं बोर्ड के हिन्दी विषय की परीक्षा निरस्त होने के कारण मण्डल द्वारा 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। विभाग द्वारा परीक्षा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

- 16 मार्च से 7 अप्रैल तक चला मूल्यांकन, 1 लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का की जांच

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए इस बार भी बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मूल्याकंन केंद्र बनाया था। बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कड़ी सुरक्षा में 16 मार्च को प्रारंभ किया गया था। प्रथम चरण का मूल्यांकन 16 मार्च एवं द्वितीय चरण का मूल्यांकन 25 मार्च से 7 अप्रैल तक संचालित किया गया। बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन वरिष्ठ मूल्यांकनकर्ता एवं सहायक मूल्यांकनकर्ता सहित 300 से अधिक जिलेभर के विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई एवं निर्धारित अवधि में मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया। दो चरणों की मूल्यांकन प्रक्रिया में विषय विशेषज्ञों ने 10वीं बोर्ड के विभिन्न विषयों की 66,320 एवं 12वीं बोर्ड की 36962 कुल 1 लाख 3 हजार 222 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया। माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने 12वीं बोर्ड के हिन्दी विषय की परीक्षा निरस्त कर दी थी। हिन्दी की परीक्षा निर्धारित केन्द्रों में 10 अप्रैल को आयोजित होगी। परीक्षा के लिए विभाग द्वारा केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की बैठक लेकर मण्डल के निर्देशों से अवगत करा दिया गया है साथ ही अन्य तैयारियां भी पूरी कर ली गई है। 12वीं बोर्ड की हिन्दी विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 13 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। मूल्यांकन के लिए शिक्षा मण्डल द्वारा दो दिन का समय निर्धारित किया गया है। मूल्यांकन केंद्र में 9 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होने की संभावना है। मण्डल द्वारा मूल्यांकनकर्ताओं के लिए कड़े मानदण्ड निर्धारित किए गए है तथा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार मूल्यांकन कार्य में 100 से अधिक मूल्यांकन कर्ताओं की जरूरत पड़ेगी। मापदण्ड के अनुसार इतनी संख्या में विषय विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं होने के कारण मूल्यांकन में अधिक समय लगने की संभावना जताई जा रही है। इस संबंध में मूल्यांकन केंद्र प्रभारी एवं कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल, मणिपुर के प्राचार्य एलपी गुप्ता ने बताया कि निर्धारित समय पर बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया है। हिन्दी विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 13 अप्रैल से प्रारम्भ होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्यों को मूल्यांकन कार्य के लिए विषय विशेषज्ञों को कार्यमुक्त करने निर्देशित किया है।

# ओडिसा से पकड़ा गया गांजा सप्लाई करने वाला

**अंबिकापुर**। गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सप्लाई करता को उड़ीसा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसके पूर्व पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 4 किलोग्राम गांजा, आई 20 कार सहित अन्य सामान बरामद कर चुकी है।

- पूर्व में गिरफ्तार हुए थे चार आरोपी

बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर गांजा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रघुनाथपुर चौकी पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 26 फरवरी को एनएच 43 किनारे घेराबंदी की। एनएच किनारे आई 20 कार क्रमांक सीजी 10 एएल 8571 के पास 4 व्यक्ति कुछ सामान लेन-देन करते नजर आए। ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से रायगढ़ लैलूंगा मुड़ापारा नारायणपुर निवासी 26 वर्षीय हेमसागर यादव आ. पोरना राम यादव, जशपुर तुमला कोलेनझरिया निवासी 25 वर्षीय खीरो यादव आ. सुशील यादव, लैलूंगा पोतरा निवासी 24 वर्षीय भूपेंद्र यादव आ. लोचन यादव व रघुनाथपुर गंगापुर निवासी 35 वर्षीय मुरारी लाल चौबे



आ. तीरथ राज चौबे को हिरासत में लेकर उनके पास से 4 किलोग्राम अवैध गांजा, आई 20 कार, 6 नग मोबाइल बरामद किया था। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने उड़ीसा के सुन्दरगढ़ निवासी नन्द कुमार साहू से गांजा खरीदकर लाने की बात कही थी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इसके साथ ही सप्लायर की लताश जारी थी। पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उड़ीसा सुन्दरगढ़ के किजिरकेला रस्टी निवासी 36 वर्षीय नंदकुमार साहू उर्फ नंदा आ. मथुराम साहू को को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने गांजा बिक्री करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी रघुनाथपुर आरएन पटेल, आरक्षक मकरध्वज सिंह उमेश खुटिया सक्रिय रहे।

# रिंग रोड सहित प्रमुख चौक चौराहों पर स्ट्रीट लाईट दुरुस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विद्युत स्ट्रीट लाइट की तत्काल प्रभाव से मरम्मत एवं समय समय पर नियमित रखरखाव करने और चौपाटी पर लगभग प्रति दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति से बचने के लिए चौपाटी क्षेत्र को वाकिंग स्ट्रीट घोषित करने सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित करने को लेकर कांग्रेस ने ननि आयुक्त से मुलकात कर ज्ञापन सौंपा।

- कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल से सौंपा ज्ञापन, चौपाटी को वाकिंग स्ट्रीट घोषित करने का सुझाव

एआईसीसी सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव के निर्देश पर ननि आयुक्त से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व शहर के एक प्रमुख स्थल सद्भावना चौक के बिल्कुल समीप एक महिला के साथ बलात्कार कर बहुत ही भयावह तरीके से हत्या कर दी गई। सबसे शर्मनाक बात ये है कि अब तक अपराधी कानून की गिरफ्त से दूर है। यदि उस रात के मामले को ध्यान से देखा जाए तो उक्त चौक एवं रिंग रोड पर स्ट्रीट लाइट खराब थी जिस से निःसंदेह ही अपराधी का मनोबल मजबूत हुआ होगा। शहर के अंतर्गत आने वाले रिंग रोड की समस्त स्ट्रीट लाइट का अगर आंकलन किया जाए तो समस्त लाइटों में सिर्फ 25 से 30 प्रतिशत ही स्ट्रीट लाइट चालू हैं, बाकि सभी खराब हैं जिस को प्राथमिकता से संज्ञान में ले कर दुरुस्त कराना अनिवार्य है। निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करीब करीब सभी 48 वार्डों की समीक्षा की जाए तो आधी से ज्यादा स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं जिनका तत्काल प्रभाव से मरम्मत कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही शहर सीमा के अंतर्गत आने वाले समस्त चौकों के मध्य में हाई मास्ट लाइट लगाना चाहिए एवं आवश्यकतानुसार समय समय पर रखरखाव होना चाहिए।

शहर की दूसरी प्रमुख आवश्यकता ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करना है जिस में शहर के हृदय स्थल चौपाटी पर पार्किंग की अनियमितता के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस स्थिति से बचने के लिए चौपाटी को बड़े शहरों की तर्ज पर वाकिंग स्ट्रीट घोषित कर दिया जाए, जिस में किसी भी प्रकार के दोपहिया एवं चार पहिया वाहन का प्रवेश वर्जित रहे। जोड़ा पीपल की तरफ से आने वाले मार्ग को नगर निगम की पूर्व बिल्डिंग के बाद से पार्किंग हेतु उपयोग में लिया जाए ताकि यदि किसी वाहन को अन्यत्र जाना हो तो वह घड़ी चौक, गांधी चौक होते हुए आकाशवाणी चौक की तरफ सुविधा पूर्वक जा सके। इस मार्ग पर शिव मंदिर से पहले जहां से चौपाटी की सीमा आरंभ होती है वहां पर एवं आकाशवाणी चौक की तरफ से आने पर इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम की सीमा के पश्चात बैरिकेडिंग कर के चौपाटी की वाहन पार्किंग हेतु उपयोग में लाया जा सकता है। इसी प्रकार चोपड़ा पारा की ओर जाने वाली मुख्य मार्ग को भी पार्क के दोनों तरफ से बैरिकेडिंग ⏭ शेष पेज 4 पर



# आरक्षक की पत्नी को पुलिस सैलरी पैकेज के तहत दी गई 1 करोड़ की बीमा राशि

**अम्बिकापुर**। आरक्षक को निधन उपरान्त पुलिस सैलरी पैकेज के तहत एक करोड़ रूपए की जीवन बीमा राशि प्रदान की गई है। बुधवार को एसपी वैभव बैंकर के साथ ही एसबीआई के अधिकारियों ने मृतक की पत्नी को चेक प्रदान किया। बता दें कि सनावल थाना में पदस्थापना के दौरान आरक्षक 809 शिव बचन सिंह 12 मई 2025 को नदी में चल रहे रेत के अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करने गए हुए थे। इस दौरान झारखंड से आए हुए तस्करों ने देर रात 1.30 बजे ट्रैक्टर से कुचलकर आरक्षक की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के पुलिस कर्मियों के भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज के तहत भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू किया गया है। जिसके तहत स्व. आरक्षक शिवबचन सिंह के नामिनी पत्नि वर्षा रानी सिंह को 1 करोड़ रुपए का जीवन बीमा सहायता चेक एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अंबिकापुर अविनाश पाणिग्रही, मुख्य प्रबंधक एसबीआई बलरामपुर अभय सिंह द्वारा उनके परिजनों को उनकी जीवन बीमा की चेक एसपी वैभव बैंकर की मौजूदगी में सौंपा। इस दौरान एसपी श्री बैंकर ने बताया कि एसबीआई निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज योजना पुलिस विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच हुये एमओयू.के तहत संचालित एक कल्याणकारी योजना है। इस योजना के तहत जिन पुलिसकर्मियों के वेतन खाते एसबीआई में संचालित होते है। पुलिस कर्मी के दुर्घटना पर आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में उनके वैध नामिनी को 1 करोड़ रूपये का जीवन बीमा कवर, सामान्य मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर प्रदान किये जाने का प्रावधान है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारी से अपने वेतन खाते को अनिवार्य रूप से निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज के तहत रजिस्ट्रेशन करवाकर अपने परिवार का जीवन सुरक्षित करने की बात कही है।

- सनावल में तस्करों ने ट्रैक्टर से कुचलकर की थी हत्या




## पुलिस ने धर पकड़ के लिए ली ड्रोन कैमरों की मदद, चलाया सर्च अभियान

# सिलफिली के समीप रेलवे ट्रैक पर दिखा दुष्कर्म और हत्या का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में महिला के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को सिलफिली क्षेत्र में देखा गया है। क्षेत्र में लगभग 7 लोगों ने उसे अलग अलग अलग गांवों में घूमते हुए देखा है। आरोपी के खिलाफ ठोस इनपुट मिलने के बाद पुलिस ने भी अपना सर्च अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को ड्रोन कैमरे की मदद से क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। संभावना जा रही है कि पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेगी।

बता दें कि 3 अप्रैल को शहर के सद्भावना चौक में मछली दुकान के अन्दर एक महिला की खून से सनी लाश मिली थी। मृतिका की पहचान लखनपुर केवरा निवासी 40 वर्षीया के रूप में की गई थी। पहले पति की मौत के बाद गंगापुर में कथित पति के साथ रहती थी। महिला की मौत के मामले में चौकाने वाले तथ्य सामने आए थे। महिला के साथ दरिंदगी की सभी हदें पार की गई है। महिला के छाती की दोनों तरफ की पसलियां टूटी हुई थी। उसके सिर के सामने की हड्डी भी टूटी हुई थी। गले को दबाने के लक्षण



मिले है। इसके साथ ही उसके गुप्तांग का परीक्षण करने पर चिकित्सकों ने एक लीटर के पानी बोतल का हिस्सा निकाला। महिला के गुप्तांग में काफी चोट के निशान भी मिले थे। महामाया प्रवेश द्वार के समीप इस तरह से महिला से दुष्कर्म और हत्या किए जाने की घटना से लोगों का आक्रोश भड़क उठा है। इधर कांग्रेस भी घटना के विरोध में चरणबद्ध प्रदर्शन कर रही है। धरना प्रदर्शन, मौन प्रदर्शन के बाद शहर में कैंडल मार्च निकालकर मृतिका को श्रद्धांजलि दी गई। इधर इस घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा है जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी राजेश अग्रवाल द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया है लेकिन अब तक आरोपी का सुराग नहीं लग सका है। इसका कारण यही है कि आरोपी के पास कोई मोबाइल फोन नहीं है वह डिजिटल ट्रांजैक्शन कर रहा। उसका कोई रिस्तेदार भी नहीं है और ना ही उसका कोई ठोस पता है। ऐसे में आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। यही वजह है कि अब पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुरानी पद्धति से जन संपर्क और ग्रामीण सूत्रों का भी सहारा ले रही है। मामले में आईजी दीपक झा की ने 30 हजार और एसएसपी श्री अग्रवाल ने 5 हजार कुल 35 हजार रूपए के इनाम की घोषणा की है। इस बीच अब तक आरोपी को सात लोगों द्वारा देखे जाने की जानकारी सामने आई है। अंतिम बार उसे सिलफिली रेलवे ⏭ शेष पेज 4 पर

### चल रही तलाश

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। आरोपी को सिलफिली क्षेत्र में देखा गया था। ड्रोन कैमरे की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है इसके साथ ही गांव गांव में भी मुखबिर तैनात किए गए है। लोगों से भी आह्वान किया गया है कि आरोपी के नजर आने पर इसकी सूचना पुलिस को दी जाए।

-राजेश अग्रवाल, एसएसपी

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### सुवेज बने अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कोरिया में संगठनात्मक नियुक्ति की गई। जानकारी के अनुसार कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए संगठनात्मक नियुक्त के तहत बैकुंठपुर निवासी सुवेज अहमद नेपालू को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त करने का आदेश जारी किया। सुवेज अहमद को जिला स्तर पर उपाध्यक्ष बनाए जाने पर शुभचिंतकों में खुशी है। वहीं जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर श्री नेपालू ने कहा कि पार्टी ने मुझे अहम जिम्मेदारी सौंपी है। मैं पार्टी के उच्च नेतृत्व के मार्गदर्शन में पार्टी को मजबूत करने की दिशा के साथ-साथ जो भी दायित्व सौंपा जाएगा, उसका मैं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा।

### दूरबीन से बच्चेदानी का ऑपरेशन कोरिया में पहली बार सफल सर्जरी



**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय के महलपारा स्थित शर्मा हॉस्पिटल में पहली बार दूरबीन (लैप्रोस्कोपी) से बच्चेदानी का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। यह ऑपरेशन डॉ. संकल्प शर्मा एवं डॉ. राकेश शर्मा उनकी टीम द्वारा किया गया। इस सुविधा के शुरू होने से अब मरीजों को ऐसे ऑपरेशन के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह सर्जरी ओड़गी निवासी श्रीमती रामलली उम्र 50 वर्ष पर की गई, जो अब स्वस्थ हैं और तेजी से रिकवरी कर रही हैं। दूरबीन से होने वाले इस ऑपरेशन में पेट पर छोटे-छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे कम दर्द, कम खून बहना और जल्दी ठीक होने का फायदा मिलता है। डॉक्टरों ने बताया कि उनका लक्ष्य जिले के लोगों को आधुनिक और किफायती इलाज उपलब्ध कराना है।यह उपलब्धि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

### कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को कराया गया योग



**बैकुण्ठपुर।** जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र कटगोड़ी में मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को योगाभ्यास कराया गया। यह पहल कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में योग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## तापमान में गिरावट, सेहत पर पड़ सकता है असर

# मौसम का बदला मिजाज, आंधी के साथ बूंदाबांदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में बीते कुछ दिनों से मौसम का सिस्टम बिगड़ने के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है। दिन में धूप छॉव की स्थिति बनते रहते हैं, इसके चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

जिले में बुधवार को भी मौसम ने अचानक करवट ली। इस दिन सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और पूर्वान्ह एवं अपरान्ह के समय कही बूंदाबांदी तो कही हल्की बारिश हुई। बुधवार को सुबह होने के साथ ही आसमान को बादलों ने पूरी तरह से ढंक लिया था, इसके चलते सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पा रहे थे। कुछ घंटों तक इसी तरह की स्थिति बनी रही, इससे मौसम में ठंडक घुल गई थी और सुबह के समय लोगों को हल्की ठंड के असर का सामना करना पड़ा। इस दौरान जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन कही पर भी पूर्वान्ह के समय तेज व हल्की बारिश नहीं हुई। बादलों के बीच बूंदाबांदी के कारण दोपहर के समय में भी हल्की ठंड का असर पठारी क्षेत्रों में रहा। जानकारी के अनुसार बादलों भरा मौसम रहने के कारण इस दिन तापमान 32 डिग्री तक लुढ़क गया था धूप नहीं खिलने के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली थी।

### तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

बुधवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और बारिश होने की संभावना बनती रही। इसी बीच इस दिन अपरान्ह होने के बाद जिले के कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ कही बूंदाबांदी ता कही पर हल्की बारिश भी हुई। 8 अप्रैल को अपरान्ह सोनहत में तेज हवाओं के साथ अचानक बारिश शुरू हो गई , इसके चलते साप्ताहिक बाजार दिवस होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### मौसम बदला, तेज हवा-तूफान से साप्ताहिक बाजार प्रभावित

सोनहत। मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 8 अप्रैल को सुबह से ही मौसम में बदलाव देखा गया। दिनभर रूक-रूक कर बारिश होती रही, जिससे जगह-जगह पानी भर गया। दोपहर बाद कुछ समय के लिए हल्की धूप निकली, लेकिन शाम करीब 5 बजे अचानक तेज हवा और तूफान के साथ हल्की घूमावदार बारिश शुरू हो गई। इस मौसम परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर मुख्यालय के साप्ताहिक बाजार पर पड़ा। तेज हवा के कारण दुकानों का सामान इधर-उधर बिखर गया और व्यापार प्रभावित हुआ। हालांकि तूफान ज्यादा देर तक नहीं चला, फिर भी इसका असर बाजार के साथ-साथ आसपास के खेत-खलिहानों में भी देखा गया।



## सोनहत पुलिस ने की कार्रवाई

# 17 भैंसे बरामद : अवैध पशु परिवहन का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के सोनहत थाना पुलिस ने अवैध पशु परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 भैंसों को बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे एवं एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में की गई।

मिली जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने ग्राम उज्ञांव चौकी रामगढ़ में दबिश दी। मौके पर आरोपी बहादुर सिंह उम्र 56 वर्ष के कब्जे से 17 भैंसे बरामद किए गए, जिन्हें अमानवीय तरीके से बांधकर अवैध रूप से बुचड़खाने ले जाने की तैयारी की जा रही थी। पूछताछ में सामने आया कि भैंसों को पीपी सिंह और मकसूद झारखंड द्वारा ट्रक से लाकर छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने सभी भैंसों की कीमत लगभग 4 लाख रूपए को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर छग कृषि पशु परीक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (1) (घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है। मामले में अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजाराम राठिया सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और जवानों की सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध पशु तस्करी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पाचवीं और आठवीं कक्षा की परीक्षाओं का मूल्यांकन शुरू

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्रीयकृत 5 वीं एवं 8 वीं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया। बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी विकासखंड बदलकर उक्त कक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।

जिले के सोनहत विकासखंड़ अंतर्गत कक्षा पांचवी तथा आठवीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बैकुंठपुर में तथा बैकुंठपुर विकासखंड के उक्त कक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सोनहत जनपद में किया जा रहा है, इसके लिए दोनों विकासखंडों में काफी संख्या में मूल्यांकन कार्य समय पर पूरा करने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि समय-सीमा में मूल्यांकन कार्य पूरा किया जा सके। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीयकृत 5 वीं की परीक्षा 25 मार्च को ही समाप्त हो चुका था और केन्द्रीयकृत 8 वीं की परीक्षा बीते 6 अप्रैल को समाप्त हुआ। इसके साथ ही उक्त दोनों कक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिसे निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### मूल्यांकन कार्य का मानदेय अटका

जिले में 5 वीं एवं 8 वीं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते वर्ष मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य का मानदेय अब तक नहीं मिला है और इस वर्ष भी मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को मानदेय मिलने की उम्मीद नहीं है। जानकारी के अनुसार बीते वर्ष ही डीपीआई ने आदेश जारी कर शिक्षकों को मानदेय देने पत्र जारी किया था, लेकिन उसका पालन नहीं किया गया, इसके चलते बीते वर्ष मूल्यांकन कार्य करने वाले शिक्षकों को अब तक मानदेय नहीं मिल पाया।

### छग में विपश्यना ध्यान शिविर के लिए विशेष अवकाश स्वीकृत

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने, मानसिक तनाव कम करने तथा नैतिक मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विपश्यना ध्यान शिविर में भाग लेने के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के साथ-साथ राज्य सेवा के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी अपने संपूर्ण सेवाकाल में अधिकतम 6 बार 10 दिवसीय आवासीय विपश्यना ध्यान शिविर में भाग ले सकेंगे। इसके लिए उन्हें यात्रा समय सहित अधिकतम 12 दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। आदेश में यह भी उल्लेखित है कि इच्छुक अधिकारी या कर्मचारी को आवेदन के साथ संबंधित विपश्यना केन्द्र द्वारा जारी पंजीकरण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। शिविर पूर्ण होने के बाद प्रतिभागी को भागीदारी प्रमाण-पत्र अपने कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा अवकाश अवधि को अन्य अर्जित अवकाश में समायोजित किया जाएगा। यह अवकाश संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा शासकीय कार्य की सुगमता को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत किया जाएगा। विशेष अवकाश अवधि को कर्तव्य अवधि माना जाएगा तथा इस दौरान पूर्ण वेतन देय होगा। हालांकि शिविर में भाग लेने के लिए यात्रा भत्ता या अन्य किसी प्रकार का व्यय शासन द्वारा वहन नहीं किया जाएगा।

# उर्वरक कालाबाजारी पर कड़ा प्रहार उड़नदस्ता की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में किसानों को समय पर एवं उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त रूख अपनाया गया है।

कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को विकासखंड मनेन्द्रगढ़ में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके उर्वरक विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई। उड़नदस्ता दल को निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में गंभीर लापरवाही एवं नियमों की अनदेखी मिली। इनमें प्रमुख हैं— स्टॉक बोर्ड एवं मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं करना, स्कंध पुस्तिका का संधारण नहीं करना, बिना वैध प्राधिकार पत्र के उर्वरक विक्रय, पीओएस मशीन से रसीद जारी नहीं करना एवं स्टॉक में अंतर है। नियम उल्लंघन पर संबंधित प्रतिष्ठानों के उर्वरक स्टॉक का 21 दिनों के लिए विक्रय प्रतिबंधित, 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



### कलेक्टर की बड़ी कार्रवाईः स्कूल में शराब पीने वाले प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक को किया निलंबित

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के शिक्षा विभाग में अनुशासनहीनता के एक गंभीर मामले पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्राथमिक शाला बाला, विकासखंड मनेन्द्रगढ़ तहसील केल्हारी में पदस्थ प्रधान पाठक पारस राम वर्मा एवं सहायक शिक्षक मेहीलाल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दोनों शिक्षक ड्यूटी के समय शराब के नशे में पाए गए। इस संबंध में मौके पर पंचनामा तैयार कर दोनों के बयान दर्ज किए गए, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों शिक्षकों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ ले जाया गया।

# छात्राओं ने किया गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर के प्राणीशास्त्र (जूलॉजी) विभाग द्वारा 28 मार्च को एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की 54 छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण एवं सोशल आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क का भ्रमण कराया गया।

यह पार्क एशिया के सबसे बड़े मरीन फॉसिल पार्कों में से एक माना जाता है। यह भ्रमण प्राणीशास्त्र विभाग की अतिथि व्याख्याता सुश्री मेघा डाहिरे एवं श्रीमती सविता पैकरा के मार्गदर्शन में तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक वरूण कुशवाहा के सहयोग से संपन्न हुआ। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को समुद्री जीवाश्मों मरीन फॉसिल की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना तथा उनके शोध प्रबंध डिजर्टेशन प्रोजेक्ट के लिए व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना था। हसदेव नदी के तट पर स्थित इस पार्क में छात्राओं को बताया गया कि यहां पाए जाने वाले जीवाश्म लगभग 28 से 29 करोड़ वर्ष पुराने हैं, जो पर्मियन युग से संबंधित हैं। इन जीवाश्मों की पहली खोज वर्ष 1954 में भूविज्ञानी एसके घोष द्वारा की गई थी। भ्रमण के दौरान छात्राओं को विभिन्न प्रकार के समुद्री जीवाश्मों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इनमें प्रमुख रूप से बाइवाल्व्स, गैस्ट्रोपोड्स प्राचीन घोंघे, ब्रैकियोपोड्स, क्रिनोइड्स तथा ब्रायोजोआ शामिल हैं, इसके अलावा पार्क के रॉक गार्डन में छात्राओं ने 35 से अधिक प्राचीन थल, जल एवं उभयचर जीवों की विशालकाय कलाकृतियों का अवलोकन किया, जो प्रागैतिहासिक जैव-विविधता को दशार्ती हैं। इस दौरान छात्राओं ने जीवाश्मों की संरचना, निर्माण प्रक्रिया एवं उनके ऐतिहासिक महत्व को समझा। साथ ही उन्हें जैव-विविधता, भू-वैज्ञानिक इतिहास तथा जीवाश्म संरक्षण के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।




**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरियों जिला-बलरामपुर रा.गंज छ.ग.**

रा.मा.क्र.- /ब-121/2025-26
ग्राम-सिधमा प.ह.नं.- उप तह. बरियों

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सिधमा प.ह.न.- उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरल सिंह आ./पति हुलसाय जाति कंवर निवासी ग्राम सिधमा तहसील-राजपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज द्वारा स्वयं के माता अकली पति स्व.हुलसाय का मृत्यु दिनांक 10.04.2010 को ग्राम सिधमा घर में हुई है। किन्तु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र पेश।

उपरोक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र में उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध पक्षकार हो तो वह स्वयं, अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक 17/04/2026 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक-06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बरियों**
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**न्यायालयः-डी.एस.बघेल प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

**- ईश्तहार-**

प्रोसेस नम्बर 123/26
उ.प्र.क्र. 04/2026
पेशी तिथि - 05.05.2026

अमर सिंह आ.कमिशल उम्र लगभग 26 वर्ष जाति गोंड निवासी ग्राम लाछा पोस्ट केतका थाना व तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) ..... आवेदक

**-ःप्रतिः-**

1. रामचन्द्र आ. कमिशल उम्र लगभग 30 वर्ष,
2 उर्मिला पिता कमिशल उम्र लगभग 28 वर्ष,
3. सुरमिला पिता कमिशल उम्र लगभग 26 वर्ष, सभी जाति गोंड निवासी ग्राम लाछा पो. केतका थाना व तह. सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)
4. शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)
2. सर्व साधारण आम जनता (छ.ग.)

-------

अनावेदकगण

**ईश्तहार**

इस ईश्तेहार के जरिये अनावेदकगण व आम जनता सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एवं अनावेदकगण क्र.-1 से 3 की बड़ी मां स्व. लक्ष्मनियां पिता सन्तरू राम, की मृत्यु दिनांक 17.07.2024 को हो चुका है। स्व. लक्ष्मनियां पिता सन्तरू राम, की मृत्यु के पश्चात् उसके उत्तराधिकारी, आवेदक हैं, जो इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा. उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत किये हैं। आवेदक के बड़ी मां स्व. लक्ष्मनियां पिता सन्तरू राम, की मृत्यु के पश्चात स्व. लक्ष्मनियां पिता सन्तरू राम, के नाम से अनावेदकगण क्रमांक 04 के पास जमा धनराशि, ब्याज सहित प्राप्त करने हेतु, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता, आवेदक को है, आवेदक की बड़ी मां स्व. लक्ष्मनियां पिता सन्तरू राम, जाति गोंड निवासी ग्राम लाछा, पोस्ट केतका, थाना व तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) की मृत्यु के पश्चात प्रथम उत्तराधिकारी आवेदक ही हैं।

यदि कोई व्यक्ति कोई दावा या हक रखते हैं, तो कैफियत के साथ पेशी दिनांक 05.05.2026 को दिन के ठीक 11:00 बजे, इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों।

अतः आप, बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो, आपके विरूद्ध, प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो, जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 28/03/2026 को इस न्यायालय कि मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(डी.एस. बघेल)**
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. -------/अ-27/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कमला ढाली आ.स्व.अनिल मंडल व अन्य, जाति नमोशुद्र, निवासी ग्राम सरगंवा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा द्वारा ग्राम सरगंवा स्थित भूमि खसरा न.339/1, 359/2, 360/1 कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 1.323 हे. भूमि का अनावेदक शंभू मंडल आ. स्व.अनिल मंडल व अन्य, निवासी ग्राम सरगंवा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के मध्य खाता विभाजन कराने बावत् आवेदन छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा, 178 के तहत प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/04/2026 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02**

**सरगुजा मार्केट**

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
**डॉ. संजीत जायसवाल**
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 12 अप्रैल, 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

**डॉ. तुषार जैन**
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
**डॉ. दीपक अग्रवाल** (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 अप्रैल 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
**निशांत मेडिकोज**
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

**डॉ विकास अग्रवाल**
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 18 अप्रैल 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
**डॉ भाविक शाह**
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
**डॉ संजय अग्रवाल**
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
**डॉ अमित मुखर्जी**
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
**डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल**
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

**गुप्त रोग**
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - **विश्वास औषधालय**
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

**TOP IN SURGUJA**

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
**गायत्री हॉस्पिटल**
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
**डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा**
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
**VC INSTITUTE**
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

**DR. ABHIMANYU'S**
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### तलाकशुदा, परित्यकता युवक-युवतियों के विवाह हेतु परिचय सम्मेलन 3 को

**बिश्रामपुर।** वैश्य वर्ल्ड फाउण्डेशन की सरगुजा संभाग ईकाई द्वारा नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के अग्रसेन भवन में सभी आयु, जाति व वर्ग के विधवा, विधुर, तलाकशुदा, परित्यकता, दिव्यांग एवं निराश्रित युवक-युवतियों के विवाह हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन 3 मई को किया गया है,इस संबंध में वैश्य वर्ल्ड फाउण्डेशन की सरगुजा संभाग के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में वैश्य, ब्राहमण, राजपूत, कायस्थ, अग्रवाल, अग्रहरि एवं पिछड़ा वर्ग के गुप्ता,जायसवाल, केशरवानी, यादव, रजवार, साहू, कुशवाहा, स्वर्णकार, पनिका, विश्वकर्मा, प्रजापति, नाई, धोबी, कुर्मी, अन्य सभी पिछड़ी जातियों के विधवा, विधुर, तलाकशुदा, परित्यकता, दिव्यांग एवं निराश्रित युवक-युवतियों एवं सभी समाज के अविवाहित महिला पुरुष भी आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि इस तरह के सम्मेलन आयोजित करने से समय की बचत होगी और समाज के लोगों को एक ही स्थान पर मिलने का अवसर मिलेगा। इस सम्मेलन में युवक-युवतियों के बायोडाटा का आदान प्रदान अभिभावकों को किया जाएगा और उसके पश्चात युवक-युवतियों का परिचय और परिवारों के मध्य चर्चा के उपरांत एक नए रिश्ते की नींव रखी जाएगी। इस सम्मेलन में अधिक आयु के व्यक्तियों को भी शामिल किया गया है, जिनकी किसी कारणवश विवाह योग्य उम्र में शादी नहीं हो पाई थी।

### डाकघर ने प्रारंभ की अंतरराष्ट्रीय पार्सल सेवा

**अम्बिकापुर।** भारतीय डाक विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय पार्सल सेवा की सुविधा मुख्य डाकघर सहित संभाग के प्रमुख उप डाकघरों में मिलेगी। डाक अधीक्षक ने बताया कि इस सेवा के तहत 200 से अधिक देशों में पार्सल भेजने की सुविधा मिलेगी तथा लोन दस्तावेज, उपहार, कपड़े, इलेक्ट्रानिक्स एवं घरेलू सामान भेज सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय पार्सल का अधिकतम वजन 20 किलो तक निर्धारित किया गया है तथा ट्रेकिंग सुविधा के साथ 7 से 15 दिनों के भीतर डिलीवरी की सुविधा प्रदान की गई है। विभाग ने ई कॉमर्स पार्टनरशिप के तहत ऑनलाइन बुकिंग एवं कैश ऑन डिलीवरी की भी व्यवस्था प्रारंभ की है।

### कुन्नी के पर्री बूथ में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**लखनपुर।** भाजपा मंडल कुन्नी के पर्री बूथ में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंदर भगत, चंद्रिका प्रसाद यादव, महामंत्री विक्रम सिंह, ओबीसी मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण राजवाड़े, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निखिल मराबी, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह, सुरेश सिंह, किशन चौहान, टिल्लू राम, राजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जयनगर साप्ताहिक बाजार से बुजुर्ग का मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** ग्राम जयनगर साप्ताहिक बाजार में सामान लेने आए एक बुजुर्ग ग्रामीण की जेब से मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी युवक को



पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुंजनगर निवासी प्रार्थी 60 वर्षीय रूपसाय पिता स्व. शिवनाथ अपने घर से जयनगर के सोमवार साप्ताहिक बाजार सब्जी खरीदने गया था,इसी दौरान बाजार में सब्जी खरीदते समय भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी युवक मूलतः झारखंड के महाराजपुर नवाटोला साहेबगंज,हाल मुकाम अंबिकापुर के गंगापुर निवासी 31 वर्षीय राजेश रविदास पिता तेतर रविदास ने बुजुर्ग ग्रामीण की जेब में रखे मोबाईल को निकालकर चोरी कर लिया, रिपोर्ट एवं सूचना पर जयनगर पुलिस ने पतासाजी करते हुए साइबर सेल की मदद से लोकेशन के आधार पर आरोपी को संजयनगर समीप कालीघाट के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक सोहन सिंह,प्रधान आरक्षक नरेंद्र मिश्रा,आरक्षक जितेंद्र सिंह, अंबिका मरकाम, राम सिंह व अन्य सक्रिय रहे।

## मेडिकल कॉलेज डीन व अधीक्षक ने किया नए वार्ड का उद्घाटन

# मेडिसिन विभाग में 6 बिस्तरीय हाई डिपेंडेंसी यूनिट प्रारंभ



एचडीयू का उद्घाटन करते मेडिकल कॉलेज के डीन।



नवनिर्मित वार्ड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गंभीर मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो इसके लेकर आईसीयू की भांति अब नए एचडीयू का आ ज शुभारंभ किया गया। मेडिसिन विभाग में 6 बिस्तरीय हाई डिपेंडेंसी यूनिट का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेश्राम द्वारा किया गया। अस्पताल में नए एचडीयू के शुरू हो जाने से न सिर्फ गंभीर मरीजों के लिए अच्छी सुविधा उपलब्ध हो गई बल्कि अब मरीजों को किसी निजी अस्पताल की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

**खास बात**

- अत्याधुनिक उपकरण है उपलब्ध, गंभीर मरीजों मिलेगा लाभ

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में निजी अस्पताल की भांति 40 बिस्तरीय दो आईसीयू संचालित है। ग्राउंड फ्लोर पर जहां 20 बिस्तरीय सर्जिकल आईसीयू है जबकि तीसरी मंजिल में 20 बिस्तरीय मेडिकल आईसीयू संचालित है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 40 बेड का आईसीयू होने के बाद भी कभी अचानक गंभीर मरीजों की संख्या बढ़ जाने से आईसीयू में बेड उपलब्ध नहीं हो पाती। हालांकि गंभीर मरीज में कई ऐसे मरीज भी होते है जिन्हें आईसीयू की आवश्यकता नहीं होती लेकिन विशेष निगरानी की जरूरत होती है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हाई डिपेंडेंसी यूनिट नहीं होने से लंबे समय से अलग वार्ड की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी के मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन ने गंभीर मरीजों के लिए अलग एचडीयू वार्ड बनाने का निर्णय लिया जिससे गंभीर मरीजों को लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य से आज मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिसिन विभाग में 6 बिस्तरीय नए एचडीयू का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेश्राम द्वारा किया गया। 6 6 बिस्तरीय एचडीयू की स्थापना का मुख्य उद्देश्य गंभीर रूप से बीमार मरीजों को बेहतर निगरानी एवं उन्नत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इस यूनिट में आधुनिक मॉनिटरिंग सिस्टम, ऑक्सीजन सपोर्ट, मल्टी-पैरामीटर मॉनिटर तथा आवश्यक जीवन रक्षक उपकरणों की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे मरीजों की निरंतर एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। यह यूनिट विशेष रूप से उन मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी, जिन्हें सामान्य वार्ड से अधिक लेकिन आईसीयू से कम गहन देखभाल की आवश्यकता होती है। एचडीयू का लाभ गंभीर संक्रमण, पोस्ट-ऑपरेटिव केयर तथा हृदय एवं श्वसन संबंधी समस्याओं से ग्रसित मरीजों को मिलेगा। उद्घाटन के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज टेम्भुर्निकर, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश निगम, ऑर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डॉ. अरूणेश सिंह, एनेस्थीजिया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश निगम, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ आशा बंसल, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मो. शागिल, डॉ. नवनीत दुबे सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं सपोर्टिंग स्टाफ उपस्थित थे।

### हर बेड में है लगाए गए है विभिन्न उपकरण

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विभिन्न बीमारी से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में उपचार कराने आते है। जांच उपरांत चिकित्सक कुछ मरीजों को आईसीयू की आवश्यकता नहीं बताते है लेकिन विशेष निगरानी रखने की सलाह देते है। ऐसे में मरीज की निगरानी मेडिकल वार्ड में संभव नहीं होता और इसके लिए अलग एचडीयू वार्ड में उपचार हो सकती है। मेडिकल विभाग में एचडीयू वार्ड में प्रत्येक बेड पर मल्टी-पैरामीटर मॉनिटर की सुविधा,ऑक्सीजन सप्लाई एवं सेंट्रलाइज्ड गैस पाइपलाइन सिस्टम, हाई-फ्लो ऑक्सीजन एवं आपातकालीन वेंटिलेशन सपोर्ट, कार्डियक मॉनिटरिंग एवं निरंतर निगरानी की व्यवस्था तथा प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ एवं 24 घंटे चिकित्सकीय निगरानी की जाएगी।

### मरीजों को मिलेगा लाभ

एचडीयू की सुविधा विशेष रूप से उन मरीजों के लिए उपयोगी होगी, जिन्हें आईसीयू आवश्यकता तो नहीं होती, लेकिन सामान्य वार्ड की तुलना में अधिक निगरानी की जरूरत होती है। एचडीयू के प्रारंभ होने से अस्पताल में उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाओं का विस्तार होगा तथा मरीजों को लाभ मिलेगा।

-**डॉ. अविनाश मेश्राम**, मेडिकल कॉलेज डीन



## गन्ना कृषकों एवं मजदूरों ने भुगतान की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ना बिक्री किए कृषकों एवं मजदूरों ने भुगतान किए जाने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य सुरेश कुमार आयाम के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही 15 दिवस के अंदर उचित निर्णय नहीं लेने पर 16वें दिन अनिश्चितकालीन आंदोलन एवं कारखाना में तालाबंदी करने की चेतावनी दी है।

कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि महामाया शक्कर कारखाना में गन्ना कृषकों एवं मजदूरों का भुगतान नहीं हुआ है, जबकि छत्तीसगढ़ शासन के आदेश अनुसार शक्कर कारखाना में उत्पादित शक्कर का प्रयोग मंत्र नागरिक आपूर्ति निगम हेतु किया जाएगा। आदेश के तहत राज्य शासन द्वारा शक्कर का उठाव 2 वर्षों से किया जा रहा है परंतु कार्य किए गए शक्कर का भुगतान विलंब से किया जा रहा है ताकि किसानों का कारखाना से मोह भंग हो जाए। किसानों व मजदूरों ने 15 दिवस के अंदर भुगतान नहीं करने पर उग्र आंदोलन करने तथा कारखाने में तालाबंदी करने की चेतावनी दी है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ

**करवां।** क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी में 14 वर्ष की बालिकाओं को गंभीर बीमारी सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी विशेष टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। केंद्र सरकार की मंशानुसार एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुरूप यह अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत निर्धारित आयु वर्ग की बालिकाओं को सिंगल डोज वैक्सीन लगाई जाएगी। इस अभियान के तहत बालिकाओं का ऑनलाइन पंजीयन कर टीकाकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 90 दिनों के भीतर सभी पात्र बालिकाओं को निःशुल्क टीकाकरण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं टीकाकरण प्रभारी शत्रुघन राम भगत ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी अंतर्गत आने वाली 14 ग्राम पंचायतों की 14 वर्षीय बालिकाओं की सूची एएनएम के माध्यम से पंचायतवार तैयार कर ली गई है। साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिन घर-घर जाकर आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध करा दी गई है, जिससे किसी भी प्रकार की कमी न हो। बालिकाएं सुबह 10 से शाम 4 बजे तक केंद्र में टीका लगवा सकती हैं इस अवसर पर श्रीमती शिखा मिर्धा, आनंद राम, उषा राय, श्रीमती बेरनेदेत लकड़ा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## अनोखी सोच संस्था ने मेडिकल कालेज को उपलब्ध कराया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर अनोखी सोच संस्था के पदाधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर आपात कालीन केन्द्र के सामने मरीज व परिजन के सुविधा के लिए वाटर कूलर उपलब्ध कराया। वाटर कूलर का आज मेडिकल कॉलेज डीन व अस्पताल अधीक्षक ने उद्घाटन किया। आपात कालीन केन्द्र के सामने शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अब लोगों को काफी राहत मिलेगी।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र जहां सुबह से रात तक घायल व मरीज पहुंचते है जिससे लोगों की भीड़ अधिक होती है। ऐसे में आपात कालीन केन्द्र के आसपास पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि पहले आपात कालीन केन्द्र के सामने आईसीयू भवन किनारे ही पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन द्वारा कराई गई थी। लेकिन हाल ही में जिस स्थान पर वाटर कुलर था उस स्थान पर आईसीयू में लिफ्ट लगाने के लिए वाटर कूलर को हटा दिया गया था। जिसके बाद से आपात कालीन केंद्र में आने वाले मरीज सहित परिजन को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई। इधर भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर अनोखी सोच संस्था ने वाटर कुलर उपलब्ध कराया। इस वाटर कूलर के माध्यम से अब अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को गर्मी के मौसम में ठंडा एवं शुद्ध पानी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उन्हें राहत मिलेगी तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी बचाव होगा। नए वाटर कूलर के साथ चिकित्सालय में अब कुल 16 वाटर कूलर एवं एक वाटर एटीएम. की सुविधा हो गई। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेश्राम एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने अनोखी सोच संस्था की सराहना की है। इस दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधिकारी, कर्मचारी एवं संस्था के अभय साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



वाटर कूलर का उद्घाटन करते मंडिकल कॉलेज डीन व अन्य।

## निश्छल साहित्य समिति के समारोह में विजय सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विगत दिवस मालवीय भवन में निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति का वार्षिक सम्मान समारोह पुस्तक विमोचन एवं काव्यगोष्ठी वरिष्ठ साहित्यकार एसपी जायसवाल की अध्यक्षता एवं जायसवाल समाज के संभागीय अध्यक्ष उमेश जायसवाल, पूर्व प्राचार्य बीडी लाल, भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ.उमेश पाण्डेय और राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक राजेश तिवारी के आतिथ्य में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम पूनम दुबे वीणा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुआ। समिति द्वारा इस वर्ष हाय रे सरगुजा नाचे, कर्मा गीत के रचयिता दमाली निवासी विजय सिंह को शॉल, श्रीफल एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। एसपी जायसवाल की सद्यः प्रकाशित गद्य रचना श्री राधारानी का विमोचन किया गया। उन्होंने काव्य एवं हनुमत गाथा, वाल्मिकी रामायण कथासार, भारतदर्शन गद्य की रचनाएं की है। कार्यक्रम को बीडी लाल, राजेश तिवारी, विनोद हर्ष एवं डॉ.उमेश पाण्डेय ने संबोधित किया और एसपी जायसवाल को सरगुजिहा बोली के संरक्षण-संवर्धन व राजस्तर पर पहचान दिलाने के लिए शुभकामनाएं दी। गोष्ठी में गीता दुबे, पूनम दुबे, माधुरी जायसवाल, अंजू पाण्डेय, आशा मिश्रा, अजय सागर, राजेन्द्र विश्वकर्मा, आनंद यादव, रामलाल विश्वकर्मा, चंद्रभूषण मिश्र, प्रकाश कश्यप, अंचल सिन्हा, राजेश पाण्डेय, कृष्णकांत पाठक और नीलिमा जायसवाल ने अपनी कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन आशा पाण्डेय और आभार-ज्ञापन राजेश तिवारी ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, अनिता ठाकुर, सच्चिदानंद पाण्डेय आदि उपस्थित थे।



